दिनांक 05 फरवरी 2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

केनाल रोड में कर रहे थे अतिक्रमण , निगम की टीम ने किया बेदखल

भिलाईनगर/ भिलाई निगम क्षेत्र अंतर्गत केनाल रोड के किनारे अतिक्रमण करने वालों को आज निगम की टीम बेदखल किया। सर्विस रोड के किनारे गुमटी लगाकर व्यवसाय करने वाले को वहां से हटाया गया ताकि आवागमन में कोई बाधा न हो। निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने अवैध निर्माण , अवैध अतिक्रमण, अवैध कब्जा एवं अवैध प्लाटिंग पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं! इसी तारतम्य में जोन 04 शिवाजी नगर के जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा की टीम ने डबरा पारा चौक के पास कार्रवाई की जिसमें एक व्यक्ति द्वारा बांस बल्ली लगाकर अतिक्रमण किया जा रहा था जिसे हटाकर बेदखल किया गया। बेदखल किए गए लोगों को सख्त हिदायत दी गई कि अतिक्रमण न करें अन्यथा उनके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी। जोन क्रमांक 04 शिवाजीनगर क्षेत्रांतर्गत केनाल रोड के किनारे कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण करने की शिकायत प्राप्त होने पर आज निगम की टीम कार्यवाही करने पहुंची। इस दौरान अवैध रूप से गुमटी लगाकर व्यवसाय करने वालों पर कार्यवाही की गई। जोन 04 के राजस्व विभाग की टीम ने बताया कि केनाल रोड में एक व्यक्ति द्वारा सड़क पर ही गुमटी लगाकर व्यवसाय किया जा रहा था , जिसकी शिकायत मिलने पर राजस्व विभाग का अमला पहुंचा और गुमटी को जप्ती बनाया गया। इसके अलावा जीई रोड किनारे डबरा पारा चौक के पास एक व्यक्ति द्वारा बांस , बल्ली लगाकर व्यवसाय कर रहा था उसे भी हटाकर बेदखली की कार्यवाही की गई। सड़क किनारे अनियंत्रित तरीके से व्यवसाय करने से केनाल रोड की ओर आने-जाने वाले वाहन चालकों को परेशानी होती थी तथा दुर्घटना की आशंका बनी रहती थी, इसलिए आवागम में कोई बाधा न हो निगम की टीम ने कार्यवाही की। उल्लेखनीय है कि नवनिर्मित केनाल रोड में यातायात सुगम हो इसके लिए निगम प्रशासन ने बीते दिनों सड़क किनारे अतिक्रमण करने वाले कई स्थानों पर तोड़फोड़ की कार्यवाही करते हुए सर्विस रोड किनारे को कब्जा मुक्त कराए थे , इस तरह से अवैध कब्जा एवं अतिक्रमण करने वालों को चिन्हित कर उन लोगों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है।

जनसम्पर्क अधिकारी